म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद , भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 - 2559943
Fax No. : 0755 - 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com

क्रमांक/एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/ 1758 भोपाल, दिनांक 19.12.2014

प्रति,

केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य,
शा.उ.मा.वि. ....
....
जिला .... (म.प्र.)

विषय : परीक्षा केन्द्र पर समुचित व्यवस्था एवं व्यवस्थित रूप से परीक्षा संपादित कराने बाबत्।

--------//X//---------

कृपया म.प्र. राज्य ओपन स्कूल की परीक्षा दिनांक 15/11/2014से प्रारंभ हो रही है परीक्षा सम्पादित करने हेतु निम्नानुसार बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना है :-

1. परीक्षा की संशोधित समय सारणी संलग्न है तद्नुसार दिनांक 15/11/2014 से 08/02/2015 तक आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्रों के पैकेट्स पर अंकित तिथि व दिन को मान्य न करते हुए दिनांक 20.11.2014 को संशोधित समय सारणी के अनुसार परीक्षा सम्पन्न कराई जानी है।

2. उक्त संशोधित समय सारणी की एक प्रति थाने में भी प्रश्न पत्रों के साथ रखकर यह सुनिश्चित करलें कि थाने से निकाले जाने वाला प्रश्न पत्र का पैकेट संशोधित समय सारणी में दर्शित तिथि व विषय अनुसार हो। केन्द्राध्यक्ष स्वंय भी प्रश्न पत्र पैकेट्स पर हस्ताक्षर करने एवं खोलने से पूर्व प्रश्न पत्र के विषय का मिलान संशोधित समय सारणी से करना सुनिश्चित करें। **प्रश्न पत्र पैकेट्स पर तिथि व दिन अंकित हैं किन्तु इसके अनुसार परीक्षा संपन्न नहीं करानी है क्योंकि समय सारणी में संशोधन हो चुका है।**

3. परीक्षा केन्द्र पर बिठाये गये परीक्षार्थियों की संख्या एवं आपके द्वारा प्रेषित मांग के अनुरूप प्रश्न पत्र आपको उपलब्ध कराये गये है। किसी विषय विशेष के प्रश्न पत्र की संख्या कम होने पर संकलन केन्द्र से पूर्ति जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं अनुमति से करें।

4. निर्धारित संकलन केन्द्र पर उ.पुस्तिकाएं यथा सम्भव परीक्षा की तिथि को ही बंडल सील्ड कर जमा कराये जाये। दूरस्थ परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समाप्ति पश्चात् उत्तर पुस्तिकाओं का बंडल थाने में सुरक्षित रखें एवं संकलन केन्द्र पर अथवा म.प्र. राज्य ओपन स्कूल के निर्देशानुसार नियत स्थान पर जमा कराये।

5. वीक्षको के लिए मानदेय मण्डल द्वारा निर्धारित दर अनुरूप ही रखा गया है, तद्नुसार प्रेषित राशि में से भुगतान सुनिश्चित करें। प्रेषित राशि कम होने पर पृथक से मांग पत्र पूर्ण विवरण सहित तत्काल इस कार्यालय को भेजा जाना होगा।

6. परीक्षा केन्द्र पर बैठने वाले परीक्षार्थियों की संख्या अनुरूप चैकलिस्ट मय रोल नम्बर, डाकेट "ख" मय रोल नम्बर, उपस्थिति पत्रक म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद् की बेवसाइट **www.mpsos.nic.in** पर अपलोड किए जा चुके हैं जिससे डाउनलोड कर प्रिंट किए जा सकते हैं।

अतः आप उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

संचालक
म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्, भोपाल

O/C

पृ.क्र./एस.ओ.एस./परीक्षा/2014/ 1759 भोपाल, दिनांक 19.-12.2014

प्रतिलिपि :-

01. कलेक्टर, जिला - .... की ओर सूचनार्थ।
02. पुलिस अधीक्षक, जिला - .... की ओर सूचनार्थ।
03. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. .... की ओर सादर सूचनार्थ।
04. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला - .... की ओर सूचनार्थ।

संचालक
म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद्, भोपाल

म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद

(पूर्व – म.प्र. राज्य ओपन स्कूल)
स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल – 462011

Phone : 0755-2559943
Fax No. : 0755-2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com

क्रमांक/परीक्षा/2014/1760 भोपाल, दिनांक 19.12.2014

प्रति,

प्राचार्य एवं संकलन/मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी
शा. ....उ.मा.वि.
....
जिला – .... म.प्र.

विषय : अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिका को मूल्यांकन हेतु संप्रेषण।

---------//✦//---------

विषयांतर्गत इस कार्यालय का पत्र दिनांक 01.11.2014 द्वारा आपकी शाला को संकलन केन्द्र बनाया गया है, तथा यह निर्देश दिये गये हैं कि सील्ड बंडल मूल्यांकन केन्द्र तक पहुँचाने तक सुरक्षित रूप से स्ट्रांगरूम में रखें एवं सुरक्षा हेतु जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से **एक चार की गार्ड की व्यवस्था की जाये।** मूल्यांकन हेतु उत्तरपुस्तिकाएँ स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। स्पीडपोस्ट से उत्तरपुस्तिकाएँ दो चरणों में उठाई जायेंगी। प्रथम चरण दिनांक 25.01.2015 एवं द्वितीय चरण दिनांक 09.02.2015 को उठाई जानी है। जिसके लिए स्पीडपोस्ट ऑफिस से अधिकारी/कर्मचारी स्वयं उत्तरपुस्तिकाएँ ले जायेंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि स्पीडपोस्ट ऑफिस से उत्तरपुस्तिकाएँ ले जाने हेतु उपस्थित डाक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी को अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का सील्ड बंडल सौंपना सुनिश्चित करें तथा डाक विभाग की पावती ई–मेल **mpsosadmitcard@gmail.com** पर स्केन कर उसी दिवस भेजें एवं हार्ड कॉपी डाक के माध्यम से भेजें।

संचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल

पृ.क्रमांक/परीक्षा/2014/1761 भोपाल, दिनांक 19.12.2014

प्रतिलिपि :–

01. कलेक्टर जिला .... की ओर सादर सूचनार्थ।
02. पुलिस अधीक्षक जिला .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि एक चार की गार्ड की संकलन केन्द्र एवं मूल्यांकन केन्द्र पर मांग के आधार पर की ड्यूटी लगायें।
03. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण की ओर सादर सूचनार्थ।
04. जिला शिक्षा अधिकारी (समस्त) की ओर भेजकर अनुरोध है, कि संकलन केन्द्र अधिकारी को तत्काल उक्तानुसार कार्यवाही हेतु निर्देश देवें एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित् करें।
05. मूल्यांकन केन्द्राध्यक्ष शा.उ.मा.वि. .... जिला .... की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल